बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लि0

(बिहार सरकार का उपक्रम)

इंदिरा भवन, प्रथम तल, राम चरित्र सिंह पथ, बोरिंग कैनाल रोड, पटना

Phone No.-0612-2532165, E-mail: bsidc_bsidc@rediffmail.com,

Website: http://www.bsidc.in

अल्प निविदा

खुली बोली द्वारा कबाड़ निलामी की आम सूचना

बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लि0, इंदिरा भवन, बोरिंग कैनाल रोड, पटना में रखे हुए प्रथम एवं पाँचवे तल पर अनुपयोगी सामानों एवं वुडेन पार्टिसन जिसकी सूची नीचे लिखे बेवसाइट में जो जहाँ है जैसा है (As is where is basis) के आधार पर जिसकी सुरक्षित राशि रू0 5,41,200/– रू0 (पाँच लाख इकतालीस हजार दो सौ रूपया) है, दिनांक 26.02.2019 को 3:00 बजे अपराह्न में निगम कार्यालय में खुली बोली द्वारा निम्नलिखित शर्त्तो पर उच्चतम बोली के आधार पर निलामी की जायेगी :–

1. निलामी बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को कबाड़ की निर्धारित सुरक्षित राशि रू0 5,41,200/– रू0 (पाँच लाख इकतालीस हजार दो सौ रूपया) मात्र का 5% अर्थात रू0 27,060/– (सत्ताईस हजार साठ रूपये) मात्र "Bihar State Industrial Development Corporation Ltd., Patna" के नाम पटना में भुगतेय किसी राष्ट्रीय बैंक के बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अग्रधन राशि (Earnest Money) दिनांक 26.02.2019 को 11:30 बजे पूर्वाहन तक निगम कार्यालय में जमा करना होगा। सफल बोली लगाने वाले की अग्रधन राशि रोक ली जायेगी और असफल बोली लगाने वालो की अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट बोली के बाद तत्क्षण लौटा दिया जायगा।

2. सफल बोली लगाने वाले को बोली की संपूर्ण राशि निलामी के तीन दिनों के अन्दर एक मुश्त कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करना होगा। इस अवधि में राशि जमा नहीं करने पर अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी और निगम कबाड़ को नये सिरे से नीलामी करने को स्वतंत्र होगा।

3. बोली की राशि जमा करने के पश्चात सफल बोली वाले व्यक्ति/फर्म को तीन दिनों के अन्दर प्रथम एवं पाँचवे तल पर से पर अनुपयोगी सामानों एवं वुडेन पार्टिसन को अपने खर्च पर निश्चित रूप से हटा लेना होगा। इस अवधि में अनुपयोगी सामानों एवं वुडेन पार्टिसन को नहीं हटाने पर जमा की गई संपूर्ण राशि जब्त कर ली जायेगी और निगम कबाड़ को नये सिरे से नीलामी करने को स्वतंत्र होगा।

बोली में रूची रखने वाले व्यक्ति या फर्म कार्यालय अवधि में किसी भी दिन निगम के श्री इन्द्रजीत कुमार, मोबाईल नं0 – 7004560163 एवं श्री फराज हुसैन, मोबाईल नं0 – 9308566830 से मिलकर कबाड़ का निरीक्षण कर सकते है।

निगम के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक बिना कोई कारण बतायें संपूर्ण बोली या किसी भी बोली को अस्वीकृत / रद्द करने को स्वतंत्र होगें और उनके इस निर्णय को कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

18.2.19

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

Chairman-cum-Managing Director, BSIDC
Indira Bhawan, 1st floor, R.C. Singh Path,
East Boring Canal Road, Patna, Bihar – 800 001
Phone – 0612-2532165
Email – bsidc_bsidc@rediffmail.com
and Visit Web Site – www.bsidc.in